भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2035
बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

रोजगार आंकड़े

2035. श्री लाल सिंह वड़ोदियाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2018-19 में देश में रोजगार प्राप्त करने हेतु कितने बेरोजगार व्यक्तियों ने आवेदन जमा किए हैं;

(ख) कितने व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है; और

(ग) कितने बेरोजगार व्यक्तियों को इस अवधि के दौरान रोजगार प्राप्त नहीं हुआ?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर, कामगार जनसंख्या अनुपात तथा श्रम बल भागीदारी दर नीचे दी गई है:

श्रम बल संकेतक	2017-18 (पीएलएफएस)
बेरोजगारी दर	6.0%
कामगार जनसंख्या अनुपात	46.8%
श्रम बल भागीदारी दर	49.8%

इसके अतिरिक्त, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, देश में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों, जिनमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, की संख्या, 2017 के दौरान 4.24 करोड़ थी तथा इसी अवधि के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियोजित रोजगार चाहने वालों की संख्या 4.25 लाख थी।

*****